हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 13 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री



11 निक्षय निरामय 2.0 अभियान में गावों में पहुंच रही हैंडहेल्ड ...



10 अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर दानीटोला में जागरूकता रैली एवं ...



## हादसा : मौत की सुरंग बना बीएसपी का सीवरेज प्रोजेक्ट

# प्रबंधन की लापरवाही ने दल्लीराजहरा में ले ली तीन मजदूरों की जान, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

बीएसपी प्रबंधन की कथित घोर लापरवाही और ठेकेदारों की मनमानी ने मंगलवार की दोपहर शाम को तीन गरीब मजदूरों की जिंदगी छीन ली। दास पान ठेला चौक के पास चल रहे सीवरेज पाइपलाइन कार्य में सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थीं और आखिरकार वही लापरवाही तीन परिवारों के लिए मौत बन गई। करीब 10 फीट गहरी खुदाई में बिना किसी सुरक्षा उपकरण, बिना साइड सपोर्ट और बिना तकनीकी निगरानी के मजदूरों को उतारा गया। अचानक मिट्टी धंस गई और मजदूर जिंदा दफन हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मजदूर बचाने की गुहार लगाते रहे। लेकिन मौके पर न तो पर्याप्त सुरक्षा दल था और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी।

- जांच और कार्रवाई का आश्वासन

घटना के बाद पूरे दल्लीराजहरा में आक्रोश फूट पड़ा। हजारों की संख्या में लोग घटनास्थल पहुंच गए। लोगों का कहना था कि यह हादसा नहीं बल्कि "प्रबंधन की लापरवाही से हुई मौत " है।

जनता ने उठाए बड़े सवाल सुरक्षा अधिकारी आखिर कहां थे? क्या कार्य स्थल का निरीक्षण हुआ था? बिना बैरिकेड और सुरक्षा सपोर्ट खुदाई की अनुमति किसने दी? क्या मजदूरों की जान से ज्यादा जरूरी काम पूरा करना था। क्या बीएसपी प्रबंधन हादसे का इंतजार कर रहा था। दल्लीराजहरा में हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर मजदूर सुरक्षा और सरकारी उपक्रमों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीन परिवारों के चिराग बुझ चुके हैं।

विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा सहित नगरवासियों ने आरोप लगाया कि बीएसपी प्रबंधन केवल कागजों में सुरक्षा दिखाता है जबकि जमीनी हकीकत बेहद भयावह है। रोजाना मजदूरों को जान जोखिम में डालकर काम कराया जाता है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं दिया जाता।

सौरभ लुणिया जिला भाजपा महामंत्री सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी बड़े अधिकारी का बेटा उस गड्ढे में काम कर रहा होता तो क्या तब भी बिना सुरक्षा काम कराया जाता? गरीब मजदूरों की जिंदगी आखिर इतनी सस्ती क्यों समझी जाती है?



### सांसद भोजराज नाग ने खोला मोर्चा

### मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने घटना को "सीधी प्रशासनिक विफलता" बताते हुए कहा बीएसपी प्रबंधन की जवाबदेही तय होनी चाहिए। मजदूरों को मौत के मुंह में धकेलने वालों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। गरीब परिवारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मृतकों के परिजनों को भारी मुआवजा, सरकारी नौकरी और पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की। सीएसपी विकास पाटले ने कहा कि प्राथमिक जांच में सुरक्षा मानकों की कमी सामने आ रही है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### घटना स्थल पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान ने खोली पोल

शंकर यादव, स्थानीय निवासी कई दिनों से बिना सुरक्षा मजदूरों को गड्ढे में उतारा जा रहा था। अधिकारी आते थे देखते थे और चले जाते थे। मीना साहू वार्ड निवासी हादसे के बाद घंटों तक अफरा-तफरी मची रही। मजदूरों की चीख सुनकर लोगों की रूह कांप गई। देव कुमार प्रत्यक्षदर्शी बीएसपी और ठेकेदार दोनों जिम्मेदार हैं। मजदूरों को मौत के कुएं में उतार दिया गया था। रमेश नेताम स्थानीय युवक यदि समय रहते सुरक्षा इंतजाम होते तो आज तीन परिवार उजड़ते नहीं। सुनीता बंजारे, क्षेत्रवासी गरीबों की जान से खिलवाड़ बंद होना चाहिए। दोषियों को जेल भेजा जाए।

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच करेगा और यदि सुरक्षा नियमों में लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**- दिव्या मिश्रा, जिला कलेक्टर**

### घटना जांच की जा रही

एसपी योगेश पटेल ने कहा घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। संबंधित एजेंसी, ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच होगी। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

**- नगर पुलिस अधीक्षक**
विकास पाटले

## खबर संक्षेप

### प्रसव पीड़ा बढ़ने पर 108 एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ



**बालोद।** गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर संजीवनी 108 एम्बुलेंस के जरिए हॉस्पिटल ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही 108 एम्बुलेंस में प्रसव कराया गया। प्रसव सफल रहा और जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षा और स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम खर्रा निवासी टोमिन निषाद को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल ले जा रहे थे, इस दौरान महिला की प्रसव पीड़ा और अधिक बढ़ गया। स्थिति को देखते हुए रात करीब तीन बजे ईएमटी दिनेश साहू और पायलट जगतु राम की सूझबूझ से गर्भवती महिला के परिजनों के साथ मिलकर 108 एम्बूलेंस में ही प्रसव कराया।

### आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर का त्रिवर्षीय चुनाव सम्पन्न

**गुरूर।** आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर के त्रिवर्षीय चुनाव गोंडवाना भवन गुरूर में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में तहसील अंतर्गत सभी तहसील पदाधिकारी, ग्रामीण पदाधिकारी ने मतदाता के रूप में मतदान किया कुल 465 पदाधिकारी मतदाता के रूप में शामिल हुए। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला गोंडवाना समाज के पदाधिकारी भोला राम नेताम, देवेंद्र ऊइके थे। जिसमे अध्यक्ष रूप राम नागवंशी, उपाध्यक्ष एचके कुंजाम, बलराम गोटी, सचिव शैलेन्द्र सोरी, सहसचिव रामेश्वर धुव, कोषाध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, आडिटर रवि नेताम निर्वाचित हुए। सभी विजयी पदाधिकारी का पीला चावल के स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर यूआर गंगराले, कृष्ण कुमार ठाकुर, उत्तरा मरकाम, गुलेंद्र कतलाम, मेघनाथ सलाम, मेहतर नेताम, लीलार नागवंशी, भागीरथी कोर्राम, गणेश नेताम, मनोज नेताम, नागेश सलाम, अरुण नेताम, भुनेश्वर ठाकुर सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

### सट्टा संचालन करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर ने सूचना पहले ऋषभ नगर दुर्ग निवासी विकास जैन, शिवपारा दुर्ग रौनक ताम्रकर, गवली पारा प्रवीण ताम्रकार को पकड़ा गया था। तीनों के पास से पुलिस ने तीन मोबाइल जब्त किया था। जांच और तीनों से पूछताछ करने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा।

## सुशासन तिहार

# जनता को सुगम और पारदर्शी सेवाएं देना सरकार की प्राथमिकता : सांसद नाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु आम जनता को सुगम पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं। नाग ने कहा कि इसी मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता के बीच पहुंचकर शासन-प्रशासन के कार्यों के मूल्यांकन हेतु सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

- पेयजल और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकार गंभीर : सांसद

सांसद नाग जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मटिया अ में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मंच में तलब कर सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की वास्तविक स्थिति के संबंध में जानकारी ली। समारोह में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू एवं नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नीतिश यादव, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, गुलशन चंद्राकर एवं कांति सोनेश्वरी सहित पवन सोनबरसा, गविन्द्र साहू, जीतू विश्वास गुप्ता, देवेन्द्र साहू, लेखराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। मटिया अ में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राही एवं ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में आज विभिन्न विभागों से 1556 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 1390 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर सांसद नाग ने इस भीषण गर्मी में आम जनता के ▶▶ शेष पेज 10 पर

# प्राचार्यों के निलंबन और वेतन वृद्धि रोकने के आदेश के खिलाफ प्रिंसिपल एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर बालोद के द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्यों के निलंबन एवं वेतन वृद्धि रोकने का आदेश अवैधानिक बताते हुए प्रिंसिपल एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन किया। 12 मई को जिला बालोद कलेक्टर द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में जिस विद्यालय के रिजल्ट वर्ष 2025 की तुलना में कम रहे है, उन आठ विद्यालय के प्राचार्य को निलंबित तथा चौदह विद्यालय के प्राचार्य की एक वेतन वृद्धि अस्थाई प्रभाव से रोकने के विरोध में बालोद जिला के समस्त प्राचार्य छत्तीसगढ़ प्रिंसिपल एसोसिएशन के बैनर तले लामबंद होकर बैठक आयोजित किया गया।

- बिना नोटिस कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध : अनिल शुक्ला
- कड़ों प्राचार्य पहुंचे कलेक्ट्रेट, संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बैठक बालोद जिला मुख्यालय के साहू सदन में प्रिंसिपल एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुशील निर्मलकर, प्रांतीय सलाहकार सुनील यादव, अतुल कामले बालोद जिला के प्राचार्य पीआर ठाकुर, फ़त्तेराम कोसरिया, बसंत बाघ, तपेश गौतम, बाल सिंह मंडावी, नरेंद्र कुमार भारद्वाज, महेश कुमार, आरएस रायपुरिया, हेमलता गंगबेर, विमला एक्का ने संबोधित किया। प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने कहा कि जिला कलेक्टर के द्वारा प्राचार्यों को बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए एकतरफा की गई कार्यवाही प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध एवं विधि के विपरीत है। प्राचार्य राजपत्रित सेवा श्रेणी दो का अधिकारी होने के कारण जिला कलेक्टर को निलंबन या वेतन वृद्धि रोकने का अधिकार नहीं है। अतः जिला कलेक्टर द्वारा की गई कार्यवाही अवैधानिक है। जिले भर से सैकड़ों की तादात में उपस्थित प्राचार्य मीटिंग के पश्चात समूह में जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर सुशासन त्योहार के चलते कलेक्टर की अनुपस्थित में संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष को ज्ञापन सौंपा। शुक्ला ने प्राचार्यों को भरोसा दिलाया कि प्रतिनिधिमंडल के साथ स्कूल शिक्षा मंत्री से मिलकर समस्या का समाधान करेंगे। अंत में आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सुशील निर्मलकर ने किया।





### कनेरी में 18 मई से भव्य संत समागम एवं धर्म महोत्सव का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम कनेरी स्थित मां कंकालीन माता के पावन धरा ग्राम कनेरी में भव्य संत समागम एवं धर्म महोत्सव का आयोजन 18 मई से 26 मई तक बाजार चौक कनेरी में किया गया है। जिसमे प्रयागराज, आयोध्या, बनारस, ऋशिकेश, वृंद्वावन, मथुरा, काशी, जगन्नाथपुरी के संतो का आगमन होगा। जिसमे प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक दिव्य सत्संग संतो के मुख्यारबिंद से होगा। दोपहर विशाल भंडारा का आयोजन के साथ शाम 5 बजे से श्री रामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथाओ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम में आयोजन की पवित्रता हेतु कार्यक्रम के एक दिव पूर्व एवं एक दिन पश्चात तक पूरे गांव कनेरी में मांस एवं मदिरा का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।






## खबर संक्षेप

### घनश्याम कॉलेज में मना रेडक्रॉस दिवस

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों विश्व रेड क्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस स्थापना दिवस मनाया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानीगुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, प्रबंधक भावना सिंह राजपूत, सलाहकार डॉ. नागेंद्र शर्मा एवं सहसचिव मोतीलाल भंडारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज में रेड क्रॉस सोसायटी की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं के बीच कराया गया। इसमें छात्राओं को समाज के प्रति समर्पण की भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समाज सेवा के प्रति उन्हें जागरूक करना महत्वपूर्ण उद्देश्य था।

### पोटियाकला में कबीर प्राकट्य दिवस 16 मई को

**दुर्ग।** पोटियाकला वार्ड 54 में प्रतिवर्षानुसार कबीर आश्रम में विगत कई वर्षों से कबीर प्रागटय दिवस (बरसाईत पूर्णिमा ) मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष 16 मई दिन शनिवार को 629 वां कबीर प्रागटय दिवस मनाया जा रहा है। जिनमें सात्विक यज्ञ चौका आरती महंत खोरबाहरा साहेब के व्दारा किया जायगा। जिनमें आश्रम के पदाधिकारी सदस्य व पार्षद वार्ड वासी उपस्थित रहेगे। यह जानकारी आश्रम के प्रचार सचिव भूपत साहू व वेदप्रकाश (बेदू) साहू ने दी।

### सुरक्षा प्रणाली की सफलता के लिए सहभागिता जरूरी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में स्टैंडर्ड सस्टेनेंस ट्रैकर विषय पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल थे। सीजीएम देवदत्त सतपथी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यवस्थित ट्रैकिंग प्रणाली से कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने इसकी उपयोगिता पर जोर दिया।फैकल्टी वक्ता महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री डेली ऑब्जर्वेशन एवं कंट्रोल की अवधारणा पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि किसी भी सुरक्षा प्रणाली की सफलता के लिए विभाग के शत-प्रतिशत कार्यक्षेत्र एवं सभी कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में 32 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

### ननि ने ठेका एजेंसी का अनुबंध किया निरस्त

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक के तहत गोकुल नगर एवं गणपति विहार परियोजना में कुल 444 आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य हेतु मेसर्स अशोक कुमार मित्तल, कोरबा को वर्ष 2018 में कार्यादेश जारी किया गया था। निर्धारित 18 माह की समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाना था, किंतु लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। 13 नोटिस के बाद भी कार्य में गति नहीं आई। निगम अधिकारियों द्वारा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य में पाई गई कमियों एवं धीमी प्रगति को लेकर एजेंसी को कुल 13 नोटिस जारी किए गए। एजेंसी को कई अवसरों पर समयवृद्धि भी प्रदान की गई, बावजूद इसके कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। कोविड-19 महामारी के बाद भी विभाग द्वारा लगातार भुगतान एवं निर्देश जारी किए जाने के बावजूद एजेंसी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की जाती रही।

### श्रमिकों की मांगों को लेकर इंटक ने किया जंगी प्रदर्शन

**भिलाई।** स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक भिलाई और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर मुर्गा चौक में जंगी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद सेल अध्यक्ष के नाम ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ राहुल थोटे को सौंपा गया। ज्ञापन में यूनियन ने चेतावनी दी कि जल्द ही मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर दानीटोला में जागरूकता रैली एवं सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस 2026 पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग दानीटोला द्वारा जागरूकता रैली एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस 2026 के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, दानीटोला बालोद द्वारा जागरूकता रैली एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग सेवा के महत्व को जन–जन तक पहुँचाना तथा समाज में नर्सों के अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। इस अवसर पर संस्थान के छात्र–छात्रओं द्वारा दानीटोला क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नर्सिंग सेवा, मानवता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित संदेश दिए गए। साथ ही नर्सेस डे के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालोद, बालोद, हॉस्पिटल दल्ली राजहरा, हॉस्पिटल चिखलाकसा एवं अस्पताल दल्लीराजहरा के नर्सिंग स्टाफ को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पित सेवाओं के लिए सम्मान प्रेषित किया गया। विद्यार्थियों ने नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, नाट्य प्रस्तुति एवं रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से नर्सिंग सेवा के महत्व को प्रस्तुत किया गया।

**नर्सों के समर्पण और सेवा भाव को किया सम्मानित**







**ये रहे उपस्थितिः** इस कार्यक्रम में डॉ. सिजो कोसी प्राचार्या मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग दानीटोला बालोद, प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह प्राचार्य, भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग दानीटोला बालोद, एवं अन्य शिक्षक–शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में समस्त छात्र–छात्रओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण एवं मानवता की भावना को सुकृढ़ करने का संदेश दिया गया तथा नर्सिंग पेशे की गरिमा को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया।

## शिविर : कागजों में निराकरण, जमीन पर परेशान जनता : सांसद

# जनसमस्या निवारण शिविर में सांसद भोजराज नाग ने खोली प्रशासनिक दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम मटिया में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर मे कांकेर सांसद भोजराज नाग ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। शिविर में जिला प्रशासन द्वारा यह दावा किया गया था कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है, लेकिन वास्तविकता इसके ठीक उलट निकली। शिविर के दौरान सांसद भोजराज नाग ने स्वयं उपस्थित ग्रामीणों और विभिन्न विभागों पीएचची, स्वास्थ्य आदि के लोगों से चर्चा की तो यह तथ्य सामने आया कि समस्याओं का समाधान कागजों पर तो हो गया है, लेकिन धरातल पर लोग आज भी परेशान हैं। सांसद ने पाया कि कई गंभीर शिकायतों को बिना सुलझाए ही निराकृत घोषित कर दिया गया है।

### कागजी आंकड़ों पर सांसद का फूटा गुस्सा

शिविर के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि कुल 50 आवेदन (प्रकरण) प्राप्त हुए थे और उन सभी 50 आवेदनों का शत–प्रतिशत निराकरण कर दिया गया है। प्रशासन के इस दावे पर संदेह होने पर सांसद भोजराज नाग ने मंच से ही सीधे जनता और संबंधित विभाग के लोगों से वास्तविकता पूछी तो अधिकारियों की पोल खुल गई। लोगों ने बताया कि उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। जनता को बेवकूफ मत बनाओ मंच पर ही लगाई फटकार आंकड़ों में हेराफेरी और धरातल पर काम शून्य देख सांसद बेहद नाराज दिखे। उन्होंने मंच पर ही अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सख्त लहजे में कहा जनता को बेवकूफ मत बनाओ। गलत आंकड़े पेश कर सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर, एसडीएम और विभाग प्रमुखों को चेतावनी दी कि किसी भी आवेदन को तब तक निराकृत न माना जाए जब तक कि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट न हो जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक समाधान न हो, उसे लंबित ही दिखाया जाए। और लोगों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान किया जाए। सांसद ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि जिला प्रशासन का यही ढुलमुल रवैया रहा और जन समस्याओं का शत–प्रतिशत निराकरण नहीं हुआ तो वे इसकी लिखित शिकायत सीधे शासन से करेंगे। शिविर मे उपस्थित विधायक कुंवर सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और राजस्व से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने पर जोर दिया। विधायक निषाद ने प्रशासन को क्षेत्र में संचालित अवैध शराब, सट्टा और जुआ गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया तथा इन पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता बताई। विधायक ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आगामी फसल सीजन के लिए खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही वर्तमान में चल रहे खाद वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों को सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा उन्होंने बजट में शामिल खैरबना से कादुल मार्ग तथा अर्जुंदा से आमटी मार्ग के निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने कहा।





शिविर में अध्यक्ष जिला पंचायत तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष केंद्रीय बैंक दुर्ग नरेश यदु, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, टोमन साहू, मंडल अध्यक्ष अर्जुन्दा जीतू विश्वास गुप्ता, सहित अन्य कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिलने से संजारी के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का लाभ ग्राम संजारी के ग्रामीणों को अब तक नहीं मिल सका है। गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टंकी का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन पाइपलाइन विस्तार एवं घरों तक कनेक्शन का कार्य आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।

परिणामस्वरूप ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण योजना लंबे समय से अधर में लटकी हुई है। कई बार पीएचई विभाग को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गांव के कई मोहल्लों में लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को रोजाना पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। सिर्फ पेयजल ही नहीं, बल्कि ग्राम संजारी के किसानों को भी सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव से महज पांच किलोमीटर दूरी पर खरखरा जलाशय स्थित है तथा गांव के दोनों ओर से नहर भी गुजरती है, इसके बावजूद खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए विभाग द्वारा अनुबंध कराया गया और राशि की वसूली भी की गई, लेकिन आज तक उन्हें पानी उपलब्ध नहीं कराया गया। ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा गांव में पेयजल और सिंचाई व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।



■ जल जीवन मिशन कागजों तक सीमित, ग्रामीणों ने लगाए आरोप

### तालाबों पर गंदगी का कहर, कमल, जलकुंभी और अन्य जलीय पौधों ने भी बिगाड़े हालात

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में कई तालाब ऐसे हैं जो सफाई न होने के चलते दूषित और गंदगी से अटे पड़े हैं। तालाबों की नियमित साफ-सफाई और संरक्षण को लेकर केवल कागजों पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे तालाबों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई तालाब कचरे, गंदगी, कमल और जलीय खरपतवार से पूरी तरह पट चुके हैं। पानी इतना दूषित है कि उसमें से बदबू आ रही है।

# खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश के लिए 18 और 19 मई को चयन ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, बिलासपुर में आवासीय बालक एवं बालिका हॉकी, एथलेटिक्स तथा तीरंदाजी अकादमी में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 18 एवं 19 मई को आयोजित की गई है।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेस स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, बिलासपुर में हॉकी में 80 सीट, एथलेटिक्स में 30 एवं तीरंदाजी में 30 सीट स्वीकृत है, आकादमी में वीड–आऊट किया जाना प्रस्तावित है, ऐसी स्थिति में अकादमी में खिलाड़ियों का सीट रिक्त होगा। उन्होंने बताया कि अकादमी में हॉकी का चयन ट्रायल बालक वर्ग हेतु 18 मई एवं बालिका वर्ग हेतु 19 मई को निर्धारित है। इसी तरह तीरदांजी एवं एथलेटिक्स का चयन ट्रायल बालक एवं बालिका वर्ग हेतु 18 एवं 19 मई को किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि अकादमी संचालन नियमानुसार 13 से 17 वर्ष के खिलाड़ियों को अकादमी में प्रवेश दिए जाने का प्रावधान है। वर्तमान में जूनियर एवं सीनियर स्तर के खिलाड़ी अकादमी में उपलब्ध है, जबकि सब जूनियर स्तर के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाना है। सबजूनियर स्तर के खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करते हुए 12 से 16 वर्ष के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल के आयोजन की स्वीकृति का लेख किया गया है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल दो दिवसीय होगा, जिसमें खिलाड़ियों को आवागमन हेतु कोई राशि प्रदाय नहीं किया जाएगा और न ही कोई आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

चयन ट्रायल में खिलाड़ियों को केवल दोपहर में एक समय भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी संयुक्त जिला कार्यालय स्थित कक्ष क्रमांक 67 कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण बालोद में कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

# केंद्र सरकार की कार्यशैली पर कोसमा का हमला कहा- जनता को त्याग का पाठ पढ़ाना हास्यास्पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

■ सरकार खुद शाही खर्च करे, जनता से कटौती की अपील क्यों : कोसमा

ब्लॉक अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि कोसमा ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता को आर्थिक संकट, महंगाई और वैश्विक हालात का हवाला देकर त्याग और कटौती की सलाह देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और हास्यास्पद है, जबकि स्वयं सरकार वर्षों से शाही ठाठ-बाठ और भारी खर्चों के साथ शासन चला रही है।

उन्होंने कहा कि एक ओर देश में पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार करोड़ों-अरबों रुपये खर्च कर भव्य कार्यक्रम, रोड शो, चुनावी अभियान और विदेश यात्राएं कर रही है। ऐसे में आम जनता से खर्च कम करने, आयोजन सीमित करने और खानपान में कटौती की अपील करना जनता की भावनाओं के साथ मजाक है।



कोसमा ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया आर्थिक संकट की ओर बढ़ रही है। तेल, गैस और उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होने से वैश्विक स्तर पर महंगाई का दबाव बढ़ा है।

इसके बावजूद केंद्र सरकार समय रहते प्रभावी विदेश नीति और आर्थिक रणनीति तैयार करने में विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों पुराने मित्र देशों से संबंध कमजोर हुए हैं और इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असुरक्षा से जूझ रही है। रुपया लगातार कमजोर हो रहा है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और गरीब तथा अमीर के बीच की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लोगों का भरोसा कम होता जा रहा है और देश की अंतरराष्ट्रीय छवि भी प्रभावित हुई है। कोसमा ने कहा कि जब भी देश पर संकट आता है, तब सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास करती दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता पर त्याग का बोझ डालकर सरकार स्वयं अपने खर्चों में कोई कटौती नहीं कर रही है। यदि वास्तव में देशहित सर्वोपरि है तो सरकार को पहले अपने तामझाम, अनावश्यक खर्च और दिखावटी आयोजनों में कटौती कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की जनता कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम है, लेकिन जनता त्याग तभी स्वीकार करेगी जब सत्ता में बैठे लोग भी समान रूप से जिम्मेदारी निभाते दिखाई दें। केवल भाषणों और अपीलों से आर्थिक संकट का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए मजबूत नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है।

अंत में कोसमा ने कहा कि देश के सामने उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों और विदेश नीति की विफलताओं के लिए केंद्र सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए तथा नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

पेज 9 का शेष

### जनता को सुगम और ...

बीच पहुंचकर धरातल पर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन हेतु सुशासन तिहार 2026 के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन के लोग आम जनता के बीच पहुंचकर उनके वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा देश एवं प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात कर समाज के सभी वर्गों के साथ–साथ अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण हेतु कार्य कर रही है। इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा धरातल पर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की पड़ताल की जा रही है। नाग ने शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों से सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों पर संवदेनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए उनका शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने को कहा है। जिससे आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा सभी वर्गों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। नाग ने विभिन्न विभागों के द्वारा सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा आम जनता से प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु बेहतर कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा आगामी खरीफ सीजन हेतु किसानों के लिए खाद, बीज की समुचित उपलब्धता, पेयजल की समुचित आपूर्ति आदि मूलभूत एवं अतिआवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु की जा रही कार्यों की संबंध में भी जानकारी दी। नाग ने कहा कि वर्तमान में खाड़ी देशों में चल रहे भीषण युद्ध के फलस्वरूप पूरे देश और दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति थोड़ा बाधित हुआ है। लेकिन सरकार के द्वारा इस समस्या के निराकरण हेतु समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश वासियों से पेट्रोल, डीजल आदि पदार्थों के उपयोग में मितव्ययता बरतने की अपील की भी जानकारी दी। नाग ने कहा कि हमारे देश एवं प्रदेश को विकसित बनाने में समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस पूनीत कार्य में आम नागरिकों के साथ–साथ अधिकारी–कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। निषाद ने विभागों द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अंचल के प्रमुख मांगों की ओर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट भी कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने सुशासन तिहार 2026 के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिकों को सुगम एवं पारदशएँ सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार संकल्पित है। इसी संकल्पना के साथ आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वाजिब समस्याओं तथा शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन की हालत जानने के लिए राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि शासन के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुँचाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मिश्रा ने कहा कि शासन के मंशानुरूप सभी विभागों के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने आज मटिया अ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी सराहना की। मिश्रा ने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के प्रत्येक घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि हमारे जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। जिसे ध्यान में रखते हुए हम सभी जिले वासियों को बाल विवाह की रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों को जनसमस्या निवारण शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। शिविर में सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड वितरण, मत्स्य पालन प्रचार योजना हितग्राहियों को मछली जाल के अलावा दिव्यांग जनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र भी प्रदान किया गया। शिविर में कृषकों को डिजिटल किसान किताब, हितग्राहियों को नया राशन कार्ड का भी वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा नन्हें–मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया।

जनसमस्या निवारण शिविर में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 870 में से 858 आवेदन, समाज कल्याण विभाग को 98 में से 98, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 158 में से 149, ऊर्जा विभाग को 81 आवेदनों में से 26 आवेदन, कृषि विभाग को 37 में से 18, खाद्य विभाग को 47 में से 46 आवेदन, महिला बाल विकास विभाग को प्राप्त 61 में से 61, श्रम विभाग को प्रापत 15 में से 14, शिक्षा विभाग को प्राप्त 17 में से 14 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर में आज विभिन्न विभागों से कुल 1556 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 1390 आवेदनों का निराकरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अहिवारा क्षेत्र में शराब बेचते पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 4 अहिवारा निवासी सज्जन खान उर्फ सजन बताया है। उसके पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी शराब कीमत 3,200 रुपये आंकी गई है। नगदी रकम 500 और बाइक जब्त किया गया है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस का योगदान रहा है।

### उद्योगपति और पत्नी की खोजबीन के लिए बनी तीन टीमें

**भिलाई।** सिमप्लेक्स कॉस्टिंग प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका संगीता शाह और उनके पति केतन शाह के खिलाफ सुपेला पुलिस ने जमीन फर्जीवाड़ा के मामले में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड में दोनों फरार हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संगीता व केतन शाह को पकड़ने के लिए सुपेला पुलिस ने तीन टीमें बनाई है। पुलिस दोनों उद्योगपति को पकड़ने के लिए पतासाजी कर रही है। इसके लिए पुलिस जगह-जगह दबिश भी दे रही है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सुनील सोमन फर्जीवाड़ा की शिकायत सुपेला पुलिस से कई दिनों से करता रहा, लेकिन अपराध दर्ज नहीं किया गया। परेशान सुनील सोमन ने न्यायालय का शरण ली। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने संगीता और उनके पति केतन शाह के खिलाफ अपराध दर्ज किया। दोनों को पकड़ने और खोजबीन कर एसीसीयू की टीम भी जुटी हुई है। पुलिस को संगीता शाह और केतन शाह को लेकर अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों के मोबाइल नंबरों को भी ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक धोखाधड़ी का मामला कोहका का पहला नहीं है। इसके पूर्व भी थाना पुलगांव में 7 अप्रैल 2025 को अपराध क्रमांक 109/25 की धारा 420 के तहत संगीता केतन शाह के खिलाफ अपराध दर्ज है। जिसमें संगीता शाह अग्रिम जमानत पर हैं। टीआई विजय यादव ने बताया कि जमीन धोखाधड़ी मामले में पुलिस टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दे रही है।


## निधन

### घनश्याम सिंह कामरे



**जामगांव आर।** कमिश्नर कार्यालय रायपुर से सेवानिवृत्त अधिक्षक घनश्याम सिंह कामरे 86 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बोरवाय (जामगांव आर) में किया गया। वे पटवारी चौनसिंह कामरे, बोरवाय कोटवार बेनूराम कामरे एवं सालिक राम कामरे के पिता थे। खिलेश्वर कामरे, सौरभ कामरे एवं शिक्षक तुषार कामरे के दादा थे।

### रामकुंवर वर्मा



**जामगांव आर।** पाहन्दा(झा) निवासी रामकुंवर वर्मा का निधन हो गया। स्थानीय मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे उत्तम वर्मा जितेंद्र वर्मा एवं लीलाधर वर्मा की माता थी।

### हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से घर पहुंचकर हो रही टीबी जांच

# निक्षय निरामय 2.0 अभियान में गावों में पहुंच रही हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. ऊईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के निर्देशानुसार डॉ. जेआर. रावटे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के क्षय मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए जिला बालोद में शिनक्षय निरामय 2.0 अभियान के अंतर्गत एक सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस 100 दिवसीय विशेष अभियान की सबसे वि"ाश बात यह है कि अब मरीजों को एक्स–रे कराने के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की टीम हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीन लेकर सीधे ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंच रही है। अभियान के तहत डोर–टू–डोर स्क्रीनिंग स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारी और विशेषज्ञ दल

- एआई तकनीक से मिनटों में मिल रही फेफड़ों की रिपोर्ट



चिन्हांकित गांवों में घर–घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान कर रहे हैं।



अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पहली बार जिले में हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीन

का बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। यह मशीन कैमरे के आकार जैसी सुलभ है, जिससे आसानी से एक्स–रे किया जा सकता है। रिपोर्ट के तहत एआई तकनीक से लैस यह मशीन कुछ ही मिनटों में फेफड़ों की स्थिति स्पष्ट कर देती है, जिससे टीबी के संदिग्ध मरीजों की पहचान तत्काल संभव हो रही है।

इस 100 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य उन मरीजों तक पहुंचना है जो दूरी या जानकारी के अभाव में अस्पताल नहीं पहुंच पाते। निक्षय निरामय 2.0 के माध्यम से हम जिले के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और शासन द्वारा इसके लिए निःशुल्क दवाइयां एवं पोषण सहायता राशि (निक्षय पोषण योजना) भी प्रदान की जाती है।

अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों के माध्यम से मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पोर्टेबल मशीन से एक्स–रे की सुविधा मिलने से बुजुर्गों और दिव्यांगों को विशेष राहत मिल रही है।

## कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने परसतराई सहकारी समिति का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के सेवा सहकारी समिति मर्यादित परसतराई में पहुंचकर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आगामी खरीफ सीजन में किसानों को समुचित मात्र में खाद, बीज उपलब्ध कराने हेतु सेवा सहकारी समिति में खाद, बीज की समुचित उपलब्धता एवं उनके वितरण के संबंध में सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों से जानकारी ली।

मिश्रा ने समिति प्रबंधक से खाद, बीज के मांग हेतु पत्र प्रेषित करने के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर सेवा सहकारी समिति परसतराई में खाद, बीज की उपलब्धता एवं वितरण आदि के व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर ने कहा कि डीएपी खाद का आयात अन्य देशों से किया जाता है। जिसके फलस्वरूप इसके भण्डारण में कभी–कभी थोड़ा समय लग जाता है। लेकिन शासन द्वारा इसके विकल्प के रूप में अन्य खाद की भी समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित सभी कृषकों को अनिवार्य रूप से मृदा परीक्षण कार्ड बनाने तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से इसके संबंध में नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करने की समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने किसानों को भविष्य में जल संकट के रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने हेतु ग्रीष्मकालीन धान के बदले कुसुम, चना, सरसों तथा अन्य दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन फसलों के उत्पादन में धान की अपेक्षा पानी की खपत कम होने के अलावा इसमें कम मेहनत तथा आमदनी भी अधिक होती है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने भी किसानों को आवश्यक जानकारियां दी। इस मौके पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकने जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




छत्तीसगढ़ शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा गठित औषधि विभाग की टीम के द्वारा दवाओं के गलत उपयोग को रोकने हेतु स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों नशीली दवाओं, नशामुक्त भारत अभियान एवं एंटी माइकोबियल रेजिस्टेंस के संबंध में जनजागरुकता कार्यकम शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद एवं शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय, दल्लीराजहरा में आयोजित किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नोडल अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एवं नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान 'सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार जिले में विधिवत आरंभ किया गया। यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों तथा औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## एलएलबी परीक्षा में हिंदी में उत्तर लिखने वाले छात्रों के समर्थन में एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

एनएसयूआई द्वारा स्व हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी को एलएल.बी. प्रथम वर्ष के परीक्षा में अंग्रेजी पेपर का उत्तर छात्रों द्वारा हिंदी में लिखने के वजह से अनुत्तीर्ण करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। चूंकि परीक्षा केंद्रों में जिन प्राध्यापकों की ड्यूटी लगी थी उनके द्वारा ही कहा गया था कि हिंदी में उत्तर लिख सकते हैं, इसलिए अधिकांश छात्र–छात्रओं ने हिंदी में ही उत्तर लिखा और उन सभी को अनुत्तीर्ण करना न्यायसंगत नहीं है, जिस पर दावा किया जा रहा है कि कुलपति ने गंभीरतापूर्वक विचार कर अतिरिक्त अंक देने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालो मे के एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष उस्मान रजा, यूथ



कांग्रेस प्रदेश महासचिव जुल्फी सिद्दीकी, नेतु साहू, शाश्वत पांडे, पीयूष, मृदुल एवं बालोद कालेज, सुराना कालेज, कल्याण कालेज एवं दिग्विजय कालेज के समस्त छात्र छात्रएं उपस्थित थे।

## धमना में श्री भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी, कृष्ण जन्मोत्सव की प्रस्तुति ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

श्री भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम जोगीराम परिसर धमना में 6 मई से 15 मई तक आयोजित किया गया है। इस दौरान मां गायत्री प्राण प्रतिष्ठा का पावन प्रसंग भी सम्पन्न होगा।

कथा वाचक गायत्री आश्रम चांदी डोंगरगढ़ के प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन है। आश्रम परिवार से पारायण कर्ता नितेश कुमार वैष्णव, संगीत सूरताल रोशन निषाद, महेंद्र साहू, जागेश्वर यादव की टीम और मंत्र जाप देवनारायण कृष्णकुमार माली अपनी सक्रिय मनमोहक भूमिका निभा रहे है। जोगीराम साहू, सावित्री देवी साहू, ओमप्रकाश साहू, ऊषा साहू, नरोत्तम साहू, चांदनी साहू, चंदा बाई, हिरामन साहू, चंद्रिका लक्ष्मण साहू, नरेंद्र सेजबाई साहू ने भागवत भगवान की पूजा अर्चना किया। कृष्ण भगवान की झांकी का मनोरम प्रदर्शन किया गया। प्रज्ञापुत्र सुरेश कुमार दीन ने सोमवार को रघुवंश कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव का संगीतमय जीवंत प्रदर्शन कर भागवत भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रज्ञा पुत्र ने कहा कि भागवत भगवान के सानिध्य में आने से सद विचार और सदकर्म के भाव उत्पन्न होते है जब अच्छे भाव से जीवन सफर गतिमान होगा तो निश्चित तौर पर भव अच्छा मिलेगा। और अच्छा भव मिलते मिलते मुक्ति का द्वार खुल जाएगा। इस प्रकार आत्मा का परमात्मा में विलय हो जाएगा। जन्म मरण से मुक्ति मिल जाएगा। प्रज्ञापुत्र ने कहा कि स्वार्थ से परे कर्म ऐसा करो कि जीवन सरल बन जाए। जब व्यक्ति स्वार्थ के दलदल में फंसकर कार्य प्रारंभ करता है तो शांति सुकून भरी जीवन से दूर होते चला जाता है। अंततः असफलता ही हाथ लगती है, उन्होंने कहा कि मन वचन काया में राक्षसी प्रवृति को जगह बिल्कुल भी ना दे। जीवन का सूत्र देते हुए प्रज्ञा पुत्र ने कहा कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। प्रज्ञा पुत्र ने व्यास गद्दी से कहा कि प्रणाम का परिणाम आशीर्वाद है। दंडवत प्रणाम,चरण स्पर्श प्रणाम स्वमेव योग विद्या के तारतम्य में होने के कारण स्वास्थ वर्धक होती है। इन दिनों लोग पढ़ लिखकर ऊंचाइयों को छूने का हर संभव प्रयास तो करते है लेकिन सामान्य तौर पर प्रणाम की बारी आते ही प्रणाम की मूल विद्या भूल जाते है और औपचारिकता निभाते हुए घुटने का या और कोई तरीका अपनाकर प्रणाम की मूल भावना को आहत करते है।इसलिए प्रणाम का परिणाम असरकारक नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि संतान कितनी भी उच्च शिखर प्राप्त कर ले माता पिता से ऊंचा नहीं हो सकता। साहू समाज के कामता प्रसाद साहू, डॉ गुलाब सिंह साहू, अंकालु साहू, युवराज गंजीर, शत्रुघन स्वर्णकार, तेजराम साहू सहित भागवत प्रेमी उपस्थित थे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

